# तीन वर्षों में यूपीसीडा ने 1,600 औद्योगिक भूखंडों का किया आवंटन

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न कंपनियों को 1,600 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इन भूखंडों पर स्थापित होने वाली इकाइयों में 4,800 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए यूपीसीडा मेगा आवंटन योजना में 113 भूखंडों का आवंटन करने की तैयारी कर रहा है, जिसके माध्यम से 700 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि यूपीसीडा ने वर्ष 2023-24 में 1,898 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 में 1,937 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया है, जो वर्ष 2021-22 की तुलना में तीन गुणा से अधिक है।